प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- कुवैत अग्निकांड में मृत मो. अली का शव आज लाया जायेगा रांची, राज्य सरकार आश्रितों को देगी पांच लाख रुपये की सहायता राशि।
- लातेहार के कुमंडीह स्टेशन के पास रांची–सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह से भगदड़, ट्रेन से कूदे यात्री, मालगाड़ी से कटकर तीन की मौत।
- नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, चतरा में तीन टीएसपीसी उग्रवादी अत्याधुनिक हथियारों के साथ गिरफ्तार।
- मौसम विभाग ने कल तक के लिए राज्य के अलग–अलग हिस्सों में हीट वेव की चेतावनी जारी की, 17 जून से गर्मी से राहत की उम्मीद।
- जूनियर नेशनल किक बाक्सिंग चैम्पियनशिप में झारखंड को मिले सात स्वर्ण समेत 14 पदक।

********************

कुवैत अग्निकांड में रांची के हिन्दपीढ़ी निवासी मो. अली हुसैन की भी मौत हो गयी है। उनका शव कल कुवैत से कोच्चि होते हुए दिल्ली लाया गया। देर शाम हो जाने के कारण शव को कल रांची नहीं लाया जा सका। अब मो. अली का पार्थिव शरीर आज रांची आयेगा। इस बीच मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से मृतक के आश्रितों को पांच लाख रुपये सहायता राशि दी जायेगी।

********************

लातेहार जिले के कुमंडीह स्टेशन के पास कल रात मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की पुष्टि लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने की है। जानकारी के अनुसार रांची– सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस रांची से चलकर सासाराम जा रही थी। इसी दौरान लातेहार जिले के कुमंडीह स्टेशन के पास अचानक यह अफवाह फैली की रेल के इंजन में आग लग गई है। इस अफवाह के बाद अचानक रेल यात्रियों में भगदड़ मच गई और सभी लोग रेल के डब्बे से कूदने लगे। कुछ लोग प्लेटफार्म के विपरीत दिशा में रेलवे लाइन पर उतर गए। इसी दौरान सामने से एक मालगाड़ी आ गई। जिसकी चपेट में कई यात्री आ गए। इनमें तीन यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

********************

गढ़वा जिले में कल हुए सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर छह हो गयी है। अभी भी कई घायलों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है। कल रात राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। श्री ठाकुर के निर्देश पर सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया। उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए उपायुक्त को मृतकों के परिजनों को पारिवारिक लाभ की सहायता राशि तत्काल प्रदान करने के साथ ही आपदा प्रबंधन से दो–दो लाख रुपये की मुआवजा राशि देने की पहल करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को तत्काल 20–20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गयी

********************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कहा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों को सभी निरस्त दाखिलों या माइग्रेशन के मामले में 30 सितंबर तक पूरी फीस लौटानी होगी। आयोग की यह नीति चालू शिक्षा सत्र के लिए है। आयोग ने यह कदम दाख़िला रद्द करने या नाम वापस लेने पर फीस लौटाने के संबंध में छात्रों और अभिभावकों की शिकायतों को देखते हुए उठाया है। यह नीति केंद्रीय या राज्य अधिनियमों के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थानों, आयोग से मान्यता–प्राप्त संस्थानों, सम–विश्वविद्यालयों और दाखिला परामर्श में शामिल संगठनों पर लागू होगी।

आयोग ने यह भी कहा कि इस वर्ष 30 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच रिफंड जारी किया जाएगा और प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में अधिकतम एक हजार रुपये की कटौती की जा सकेगी। 31 अक्टूबर के बाद के दाखिले के लिए, अक्टूबर–2018 के प्रावधान लागू होंगे। आयोग ने कहा है कि इस नीति का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

*********************

गिरिडीह जिले में घर घर पेड़ लगाओ अभियान शुरु हो गया है। गिरिडीह जिला प्रशासन और सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी ने सर्कस मैदान में पेड़ लगाकर किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन सभी विभागों, संस्थाओं और उद्योगों से समन्वय स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है।

*********************

धनबाद में 17 जून को बकरीद मनाई जाएगी। इसे लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने चतरा जिले के कुंदा थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित नक्सली संगठन के तीन सदस्यों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उग्रवादियों के पास से एक लोडेड इंसास रायफल, तीन मैगजीन, तीन सौ से ज्यादा गोलियां, एक लोडेड एसएलआर, दो मैगजीन, एक एके 47 समेत कई आग्नेयास्त्र बरामद किये गये हैं। चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार तीनों नक्सलियों का अपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं।

*********************

सरायकेला–खरसांवा जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र मे हुई गोलीबारी की घटना में एक रियल एस्टेट कारोबारी और उसका पांच वर्षीय पुत्र घायल हो गया। घटना के बाद लोगों ने फौरन दोनों को जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है। गोलीबारी की इस घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। आशंका जतायी जा रही है कि जमीन विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया है।

*********************

मौसम विज्ञान केन्द्र ने कल तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में हीट वेव की चेतावनी जारी की। इसके बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद जतायी गयी है। 17 जून के बाद तापमान में धीरे–धीरे गिरावट आ सकती है। इस दौरान राज्य के अलग–अलग हिस्सों में गर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले चार–पांच दिनों में पश्चिम बंगाल के रास्ते झारखंड में प्रवेश कर सकता है।

*********************

जूनियर नेशनल किक बाक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड के सात खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीता है। सिलीगुड़ी में हुई प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से 25 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इनमें सात खिलाड़ियों ने स्वर्ण, तीन खिलाड़ियों ने रजत और चार खिलाड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किया।

********************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने किसानों के दो लाख रूपये तक के ऋण माफ करने के राज्य सरकार के फैसले से संबंधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक हिन्दुस्तान ने किसानों की दो लाख तक कर्ज माफी संबंधी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव और नौकर जहांगीर के बारे में नया खुलासा करते हुए लिखा है–करोड़पति नौकर या पार्टनर.... संजीव ने घर खरीदा तो जहांगीर ने फ्लैट, जमीन भी एक साथ ही खरीदी।

प्रभात खबर ने बरकाकाना–बरवाडीह रेलखंड के कुमंडीह रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे को अपनी सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण ने लिखा है– आग की अफवाह पर चलती ट्रेन से कूदने लगे लोग, चार यात्रियों की कटकर मौत।

रांची एक्सप्रेस ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एनटीए को दिए गए नोटिस की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है। जबकि राष्ट्रीय नवीन मेल ने गढ़वा में ट्रक और ऑटो की टक्कर में हुई पांच लोगों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

वहीं अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने इटली में आयोजित जी–7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्त्ता की खबर को अपने पहले पन्ने पर जगह दी है।

**************